# J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR
**(NAAC Accredited, College With Potential for Excellence)**

***Estd. 1955*** ***Ph. No. – 09456004915***


पत्रांक :– का0अ0/आदेश/ 44 /2021–22 दिनांक :– 20.04.2021

## कार्यालय आदेश

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रांक पी0ए0/3574 दिनांक 17.04.2021, जो कोविड–19 टीकाकरण अभियान के सम्बन्ध में है (**प्रतिलिपि संलग्न**), के अनुपालन में महाविद्यालय के समस्त सम्मानित शिक्षक/शिक्षिकाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे स्वयं/अपने परिवार से सम्बन्धित एवं वर्तमान में व्हाट्स–ग्रुप के माध्यम से संचालित अपनी सेमेस्टर कक्षाओं के छात्र–छात्राओं के अभिभावक/पारिवारिक सदस्यों द्वारा कराये गये कोविड टीकाकरण की सूचना प्रतिदिन प्राप्त करते हुए निम्न लिंक https://forms.gle/VrJdPYdtvdaRB99S8 पर दिये गये गूगल फॉर्म को प्रतिदिन अपराहन् 03:30 तक ऑनलाईन भरना (Submit) करना सुनिश्चित करें ताकि अधोहस्ताक्षरी द्वारा कुलपति, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय के उक्त आदेश का अनुपालन प्रतिदिन सांय 05 बजे से पूर्व सुनिश्चित किया जा सके। उक्त आदेश का प्रतिदिन कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(डॉ0 वकुल बंसल)
प्रोफेसर एवं प्राचार्य

**सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :–**

1. श्रीमान कुलपति, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
3. समस्त शिक्षकों के व्हाट्स–एप ग्रुप पर।
4. मिस प्राची जैन, स्टैनो – महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3574
दिनांक : 17.04.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

समन्वयक, एन0एस0एस0/एन0सी0सी0,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय ,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया विश्वविद्यालय संख्याः पी0ए0/3549 दिनांकः 10.04.2021 एवं पत्रांकः–पी0ए0/3555 दिनांक 13.04.2021 के द्वारा आपके महाविधालय/संस्थान के परिक्षेत्र के अर्ह लोगों को (जो कि 45 वर्ष से अधिक आयु के हैं), कोविड–19 वैक्सीनेशन लगाये जाने के सम्बन्ध में प्रेरित करने एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थानों के शिक्षकों, छात्र/छात्राओं एवं कर्मचारियों को वर्क फोर्स बनाये जाने तथा उसकी सूचना गूगल फार्म पर भरकर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया था।

उक्त के क्रम में मा0 कुलाधिपति महोदया/श्री राज्यपाल उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गये निर्देशों एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय के संलग्न पत्रांक संख्या पी0ए0/3549 दिनांक 10.04.2021 के द्वारा मांगी गयी सूचना नवीन गूगल फार्म में भरकर विश्वविद्यालय पोर्टल पर दिये गये लिंक https://forms.gle/6cG9nnN7vbbnHeTLA पर प्रतिदिन सायं 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके समस्त बिन्दुओं में महाविद्यालय द्वारा किये गये टीकाकरण अभियान में महाविद्यालय स्तर पर किये गये समस्त प्रयासों का संख्यात्मक विवरण प्रतिदिन भरा जाना आवश्यक हैं।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,
17-4-21
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
04. प्रभारी, वेबसाइट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव

# J.V. JAIN COLLEGE, SAHARANPUR

**(NAAC Accredited, College With Potential for Excellence, Minority Educational Institution)**

*Estd. 1955* *Ph. No. – 09456004915*

पत्रांकः— का0अ0 / आदेश / 708 / 2021—22 दिनाक :— 09.01.2022

## कार्यालय आदेश

उ0प्र0 शासन के पत्र सं0 66 / सत्तर—3—2022—06(20) / 2020 दिनांक 08.01.2022 के अनुपालन में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र / छात्राओं को निम्नलिखित निर्देश तत्काल प्रभाव से निर्गत किये जाते है —

1. दिनांक 10.01.2022 से 16.01.2022 तक महाविद्यालय में भौतिक रूप से कक्षाओं का संचालन स्थगित रहेगा तथा सभी शिक्षक / शिक्षिकाएं महाविद्यालय में उपस्थित होकर पूर्व निर्धारित समय—सारणी के अनुसार ऑन—लाईन कक्षाओं का संचालन करना सुनिश्चित करें।
2. यू0जी0 प्रथम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार ही सम्पादित होंगी। यू0जी0 प्रथम सेमेस्टर की आन्तरिक परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के अतिक्ति अन्य सभी छात्र / छात्राओं का उक्त अवधि में प्रवेश महाविद्यालय में प्रतिबन्धित रहेगा।
3. मिस प्राची जैन, स्टैनो को निर्देशित किया जाता है कि वे समस्त कक्षाओं में अध्ययनरत् छात्र / छात्राओं की कक्षा के अनुसार सम्बन्धित छात्र / छात्राओं की मोबाईल संख्या शिक्षकों के ऑफिशियल व्हाट्स—एप ग्रुप पर एक्सैल शीट में अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं द्वारा अपने व्हाट्स—एप ग्रुप बनाते हुए कल दिनांक 10.01.2022 से पूर्व में निर्धारित समय—सारणी के अनुसार ऑन—लाईन कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित किया जा सके।
4. महाविद्यालय में परीक्षा फार्म भी पूर्व कार्यक्रमानुसार काउन्टर से ही प्राप्त किये जायेंगें।
5. सभी सम्बन्धित के लिए मास्क का प्रयोग अनिवार्य है तथा सभी के द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश से पूर्व सेनिटाईजर का प्रयोग करना सुनिश्चित किया जाये ताकि कोविड के समस्त प्रोटॉकोल का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।
6. सभी छात्र / छात्राएं अपने पूर्व में निर्धारित समय—सारणी के अनुसार ऑन—लाईन कक्षाओं में प्रतिभागिता करना सुनिश्चित करें।

सभी के द्वारा उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

(प्रो0 वकुल बंसल)
प्राचार्य

PRINCIPAL
J.V. JAIN COLLEGE
SAHARANPUR

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रति प्रेषित :—

1. डॉ0 आर0के0 गुप्ता, परीक्षा प्रभारी।
2. डॉ0 हरवीर सिंह चौधरी, छात्र कल्याण अधिष्ठाता।
3. डॉ0 मनु गुप्ता, आन्तरिक परीक्षा प्रभारी।
4. समस्त शिक्षकों के व्हाट्स—ग्रुप पर।
5. समस्त शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के व्हाट्स—ग्रुप पर।
6. मिस प्राची जैन, स्टैनो — महाविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने, समस्त छात्र / छात्राओं को एस0एम0एस0 प्रेषित करने एवं समस्त कक्षाओं के सम्बन्धित छात्र / छात्राओं के मोबाइल नम्बर की सूची शिक्षकों के ऑफिशियल व्हाट्स—एप ग्रुप पर प्रेषित करने हेतु।
7. समस्त नोटिस बोर्ड।